राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर राज्यपाल ने सैनिकों के कल्याण हेतु अंशदान किया

पटना, 07 दिसम्बर 2018

आज महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर सैनिक–कल्याण के लिए अंशदान किया। प्रधान सचिव, गृह विभाग श्री आमिर सुबहानी ने राजभवन पहुँचकर 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री टंडन को इस विशेष दिवस का 'फ्लैग' लगाया और 'बिहार स्टेट एक्स सर्विसमेन बेनवोलेन्ट फंड' के लिए उनका अंशदान प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक कर्नल दिलीप प्रसाद आदि पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि महामहिम ने 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर अपने 'संदेश' में कहा है कि देश की रक्षा करनेवाले सैनिकों और उनके परिजनों की मदद करना सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा है कि 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' का उद्देश्य वीरगति–प्राप्त सैनिकों के परिजनों एवं सैनिकों के कल्याण हेतु अंशदान राशि एकत्रित करने के साथ–साथ, यह भी है कि राष्ट्र–सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर करनेवाले सैनिकों के प्रति हम अपनी कृतज्ञता एवं सम्मान अभिव्यक्त करें। श्री टंडन ने कहा है कि अपने भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए हम जो कदम उठाते है, उनका सीधा प्रभाव न केवल कार्यरत/भूतपूर्व सैनिकों के नैतिक बल पर पड़ता है, अपितु इनसे युवा वर्ग को सशस्त्र सेनाओं में भर्ती होने की प्रेरणा भी मिलती है।

राज्यपाल ने बिहारवासियों से 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर 'बिहार स्टेट एक्स सर्विसमेन बेनवोलेन्ट फंड' में उदारतापूर्वक अंशदान की अपील करते हुए कहा है कि यह अत्यन्त पुण्य का कार्य है।

....